दिन—सोमवार दिनांक— 23 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. पटना, मुंगेर, बेगूसराय और भागलपुर समेत प्रदेश के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं।

02. रेल पटरी पर पानी आने के कारण जमालपुर—भागलपुर रेलखंड पर रेल परिचालन आज दूसरे दिन भी ठप। लोगों को हो रही है परेशानी।

03. बिहार लोक सेवा आयोग ने सत्तरवीं संयुक्त सिविल सेवा प्रतियोगिता परीक्षा के लिए विज्ञापन जारी किया। एक हजार नौ सौ सत्तावन पदों के लिए अट्ठाईस सितम्बर से आवेदन होगा शुरू।

04. और, मद्य निषेध मंत्री रत्नेश सादा ने कहा— राज्य में शराबबंदी से कोई समझौता नहीं किया जायेगा।

---

गंगा और इसकी सहायक नदियों में उफान के कारण बारह जिलों की लगभग तेरह लाख की आबादी बाढ़ से प्रभावित है। पटना, वैशाली, मुंगेर, बेगूसराय, खगड़िया, भागलपुर, समेत कई जिलों में निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल जाने से लोगों को ऊंचे स्थानों पर शरण लेना पड़ा है। पटना के नकटा दियारा समेत गंगा के तटीय भागों में बसे लोगो ने अपना आशियाना छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर शरण ले रखा है। प्रशासन की ओर से सामुदायिक रसोई की व्यवस्था की गई है। पशुओं के लिए भी चारे का इंतजाम किया गया है। इधर, मुंगेर जिले में हरिणमार से खगड़िया के गोगरी को जोड़ने वाला बिचलीपुल टूट गया है। जिसके कारण सड़क संपर्क भंग हो गया है। जिलाधिकारी अवनीश कुमार ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है।

———बाईट———

हमारे मुंगेर संवाददाता ने बताया है कि जिले के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में हालात में सुधार नहीं है।

———बाईट———

मुंगेर में गंगा नदी की बाढ़ से 6 प्रखंड की 33 पंचायतें बुरी तरह प्रभावित है। इन क्षेत्रों में करीब 80 हजार की आबादी संकट से घिरी है । 10 हजार से अधिक लोग शिविरों में रह रहे है। जिला प्रशासन की ओर से सहायता पहुंचाई जा रही है। इधर

भागलपुर–किऊल रेलखंड के बरियारपुर–रतनपुर के बीच रेल पुल संख्या 195 के ट्रैक गार्डर के नीचे गंगा के पानी का बहाव कम नहीं हुआ है। इस कारण सोमवार को दूसरे दिन भी ट्रेनें नहीं चलीं। मालदा रेल मंडल ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से कल तक ट्रेन परिचालन बंद रखने का फैसला किया है। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह

भागलपुर जिले के ग्रामीण इलाकों के साथ ही शहरी क्षेत्र में भी बाढ़ की तबाही देखी जा रही है। एक रिपोर्ट

–––बाईट–––

जिले में बाढ़ की स्थति में कोई सुधार नहीं हुआ है। रेल मार्ग बाधित है तो जगह जगह सड़क मार्ग कट जाने से वाहनों का आवागमन भी बाधित हो गया है । पिरपैती , कहलगांव, सबौर, नाथनगर, साहकुंड, सुल्तानगंज प्रखंड के दर्जनों पंचायत के हजारों घरों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर जाने से लोग परेशान हैं। शहरी इलाके आदमपुर, मानिक सरकार, दीप नगर आदि इलाके में पानी प्रवेश कर जाने से बुरा हाल है। इधर तिलका मांझी बिहार विश्वविधालय के कॉलेजों की परीक्षाएं रद्द कर दी गई है। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार

कटिहार जिले में  गंगा और कोसी नदी में उफान से कुरसेला, बरारी, मनिहारी और अमदाबाद प्रखंड के कई गांव बाढ़ के संकट से घिर गये हैं। और ब्योरा हमारे संवाददाता से।

–––बाईट–––

कुर्सेला में बाढ़ से बदतर होते हालात के बीच पीड़ित परिवार पलायन करने को मजबूर है। प्रखंड के पचखुटी, बाघमारा , मलिनिया, बल्थी महेशपुर, मिर्जापुर,चाईं टोला समेत दर्जनों गांव मुख्यालय से सम्पर्क भंग हो चूका है। फिलहाल जिला प्रशासन के द्वारा नाव मुहैया कराया गया है। प्रभावित इलाके में राहत शिविर नहीं चलाये जाने से लोगों में आक्रोश है। आकाशवाणी समाचार के लिए कटिहार से कुमार मुकेश चौधरी

---

केन्द्रीय मंत्री और बेगूसराय सांसद गिरिराज सिंह ने कहा है कि बाढ़ के कारण बेगूसराय शहर पर खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से बाढ़ की रोकथाम के लिए तत्काल कदम उठाए जाने की मांग की।

–––बाईट–––

---

इधर, शेखपुरा जिले के घाटकुसुंभा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में बाढ़ का पानी फैल गया है। जिससे कई इलाकों का संपर्क जिला मुख्यालय से टूट गया है।

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आज बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का दौरा किया और प्रभावित लोगों की तक मदद पहुंचाने को अधिकारियों निर्देश दिया।

---

बाढ़ के कारण राज्य में रेल परिचालन पर भी असर पड़ा है। गंगा नदी में बाढ़ का पानी मुंगेर के रतनपुर और भागलपुर के सुल्तानगंज स्टेशनों के बीच पुल संख्या एक सौ पंचानवे के गार्डर के ऊपर से बह रहा है। हालात को देखते हुए पूर्व रेलवे ने जमालपुर–भागलपुर रेलखंड पर आज दूसरे दिन भी ट्रेनों का परिचालन रोक दिया है। आठ जोड़ी ट्रेनों को रद्द कर दिया है। जबकि बीस रेलगाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा है। इसके साथ ही कई रेलगाड़ियों का आंशिक प्रारंभ और आंशिक समापन अलग–अलग स्टेशनों पर किया जा रहा है।

---

राज्य के विभिन्न भागों में मॉनसून की सक्रियता थम गई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश के किसी भी भाग में बारिश नहीं हुई है। वहीं, राजधानी पटना समेत विभिन्न भागों में तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। साथ ही वातावरण मे उमस की स्थिति बनी रही। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि कल से राज्य के दक्षिण–पश्चिम, दक्षिण–मध्य और उत्तर–पूर्व भागों में फिर से वर्षा की परिस्थितियां बन रही है। इस दौरान कई स्थानों पर मेघगर्जन के साथ वज्रपात की आशंका है।

–––बाईट–––

---

बिहार लोक सेवा आयोग, बीपीएससी ने सत्तरवीं संयुक्त सिविल सेवा प्रतियोगिता परीक्षा के लिए विज्ञापन जारी किया है। इसके तहत एक हजार नौ सौ सत्तावन पदों पर नियुक्ति की जायेगी। इच्छुक अभ्यर्थी अट्ठाईस सितम्बर से अठारह अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। आयोग के अध्यक्ष परमार रवि मनु भाई ने बताया है कि परीक्षा का आयोजन एक से अधिक प्रश्न पत्रों के माध्यम से किया जा

सकता है। प्रारंभिक परीक्षा नवम्बर के तीसरे या चौथे सप्ताह तथा मुख्य परीक्षा फरवरी या मार्च महीने में आयोजित की जायेगी।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि बच्चों से संबंधित अश्लील विडियो देखना पॉक्सो अधिनियम का उल्लंघन है। शीर्ष अदालत ने देशभर की सभी अदालतों से कहा है कि वे किसी भी न्यायिक आदेश या फैसले में चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द का प्रयोग नहीं करें। एक रिपोर्ट –

–––बाईट–––

सर्वोच्च न्यायालय ने आज यह निर्देश मद्रास उच्च न्यायालय के एक फैसले को रद्द करते हुए दिए। मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले में कहा गया था कि बच्चों से जुड़ीं अश्लील विडियो देखना पॉक्सो अधिनियम के दायरे में नहीं आएगा। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला के फैसले में सुझाव दिया गया है कि चाइल्ड पोर्नोग्राफ़ी के स्थान पर न्यायालय बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री–सीएसईएएम शब्द का प्रयोग करें। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि संसद को वैकल्पिक शब्द पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और इस बीच, केंद्र सरकार पॉक्सो अधिनियम में संशोधन के लिए अध्यादेश ला सकती है। समाचार कक्ष से मुकेश कुमार बल।

---

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना–आयुष्मान भारत के आज छह वर्ष पूरे हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड के रांची में आज ही के दिन वर्ष 2018 में इस योजना की शुरुआत की थी। इस योजना का लक्ष्य प्रत्येक परिवार को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक का स्वास्थय बीमा उपलब्ध कराना है। इस योजना का लाभ 12 करोड 37 लाख परिवारों के लगभग 55 करोड लोग ले रहे हैं। एक रिपोर्ट –

–––बाईट–––

पिछले छह वर्षों में इस योजना से लगभग आठ करोड़ लाभार्थियों ने कैशलेस उपचार का लाभ उठाया है और इस पर सरकार द्वारा एक लाख सात हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए है। इस योजना के तहत लगभग 13 हजार निजी अस्पतालों सहित कुल 29 हजार से अधिक अस्पतालों को सूचीबद्ध किया गया है। यह योजना दिल्ली, ओडिशा और पश्चिम बंगाल को छोड़कर 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू है। हाल ही में मोदी सरकार ने इस योजना का लाभ 70 वर्ष और उससे अधिक के सभी वरिष्ठ नागरिकों को भी दिया है। इससे लगभग छह करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिलने की उम्मीद है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य देश के गरीब, जरूरतमंद और कमजोर वर्गों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

---

मद्य निषेध मंत्री रत्नेश सादा ने आज कहा कि राज्य में शराबबंदी से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि शराब पीते हुए पकड़े जाने पर कार्रवाई की जायेगी चाहे व्यक्ति कितना भी रसूखदार हो। उन्होंने कहा कि लोगों को शराब की बुराई के प्रति जागरुक करने के लिए जन जागरुकता अभियान की शुरुआत की गयी है।

---बाईट---

---

राज्य सरकार पोलिटेक्निक और आई टी आई से पास युवाओं को रोजगार के क्षेत्र में बेहतर प्लेसमेंट के लिए प्रयास कर रही है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी और तकनीकी शिक्षा विभाग की सचिव डॉ प्रतिमा ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि सरकार ने इसके लिए बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के साथ एक समझौता किया है।

---बाईट---

---

जनता दल यूनाइटेड ने वरिष्ठ नेता श्याम रजक को पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया है। श्याम रजक हाल ही में राजद छोड़कर जदयू में शामिल हुए हैं।

---

राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर की एक सौ सोलहवीं जयंती के अवसर पर राष्ट्र आज उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर प्रदेशभर में राष्ट्र कवि की स्मृति में कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बेगूसराय स्थित राष्ट्र कवि के पैतृक गांव दिनकर ग्राम स्थित उच्च विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का उद्‌घाटन करते हुए कहा कि रामधारी सिंह दिनकर राष्ट्र कवि ही नहीं बल्कि विश्व कवि थे। उन्होंने कहा कि लोगों से यह पूछा जाना चाहिए कि क्या उन्होंने दिनकर को पढ़ा है। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

---

अगले साल हज पर जाने के लिए आवेदन करने की आज अंतिम तिथि है। हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर आवेदन पत्र उपलब्ध है। साथ ही हज सुविधा एप से भी ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। बिहार से हज यात्रा पर जाने का कोटा बारह हजार पांच सौ है। इसके विरुद्ध अब तक बिहार के एक हजार नौ सौ छत्तीस लोगों ने ऑनलाइन आवेदन दिए हैं।

---

अररिया जिले के बसमतिया थाना क्षेत्र अंतर्गत भारत–नेपाल सीमा के करीब पुलिस ने भारी मात्रा में गांजा के साथ एक तस्कार को गिरफ्तार किया है।

---

खगड़िया जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में दो बुजुर्ग महिलाओं की डूबने से मौत हो गई।

---

जहानाबाद में खेले गए अंतर महाविद्यालय पुरूष खो–खो प्रतियोगिता का खिताब एसएस कॉलेज ने जीत लिया। फाइनल मुकाबले में उसने एसएन सिन्हा कॉलेज जहानाबाद को दो अंको से हरा दिया।

---

सम्पूर्णता अभियान के तहत शेखपुरा जिले के आकांक्षी प्रखंड शेखोपुर सराय में आज स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है।

---

मधुबनी जिले के जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अलग–अलग स्थानों पर छापेमारी कर पुलिस ने भारी मात्रा मे शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

---

01. पटना, मुंगेर, बेगूसराय और भागलपुर समेत प्रदेश के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं।

02. रेल पटरी पर पानी आने के कारण जमालपुर–भागलपुर रेलखंड पर रेल परिचालन आज दूसरे भी दिन ठप। लोगों को हो रही है परेशानी।

03. बिहार लोक सेवा आयोग ने सत्तरवीं संयुक्त सिविल सेवा प्रतियोगिता परीक्षा के लिए विज्ञापन जारी किया। एक हजार नौ सौ सत्तावन पदों के लिए अट्ठाईस सितम्बर से आवेदन होगा शुरू।

04. और, मद्य निषेध मंत्री रत्नेश सादा ने कहा– राज्य में शराबबंदी से कोई समझौता नहीं किया जायेगा।

---

समाप्त